# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website www.uktech.ac.in


Ref.No- 1815/VMSBUTU/2026

Date- 11-08-2026

**सेवा में,**

**निदेशक/प्राचार्य,**
**विश्वविद्यालय के समस्त निजी सम्बद्ध, परिसर एवं स्वायत्तशासी संस्थान,**
**वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**

**विषयः शैक्षिक सत्र 2026–27 मे कॉलेज/संस्थानों के नवीन एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का विषम सेमेस्टर हेतु ऑन–लॉइन पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नवीन एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का विषम सेमेस्टर हेतु ऑन–लॉइन पंजीकरण की प्रक्रिया दिनांक 12.08.2026 से 14.08.2026 तक की गयी है।

परीक्षाफल अभी घोषित न होने की स्थिति में, जो विद्यार्थी Even Semester 2025–26 की परीक्षा में सम्मिलित (Appeared) एवं उपस्थित (Present) हुए हैं, उनका शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु प्रावधिक शैक्षणिक पंजीकरण (Provisional Academic Registration) किया जायेगा। परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत यदि कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स के अनुसार अगले सेमेस्टर/वर्ष में प्रवेश हेतु पात्र (Eligible) नहीं पाया जाता है, तो उसका प्रावधिक पंजीकरण मान्य नहीं होगा तथा उसे Examination Form भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उपरोक्त तिथि के अन्तर्गत संस्थान में अध्ययनरत विषम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का ऑन–लॉइन पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाने का कष्ट करें एवं शैक्षिक सत्र 2026–27 के एकेडमिक कलैण्डर के अनुसार कक्षाओं को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

उक्त के साथ–साथ वर्तमान में संस्थान स्तरीय काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया गतिमान होने के दृष्टिगत आपसे यह भी अनुरोध है कि ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने वाले समस्त नव प्रवेशित छात्रों को उनके हेतु निर्धारित संस्थान में रिपोर्ट करने की अंतिम तिथि से एक कार्य दिवस बाद तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही यह भी अनुरोध है कि सभी संस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कक्षाएं संचालित करते हुये समस्त पंजीकृत छात्रों की ऑनलाईन उपस्थिति भी यू०एम०एस० पोर्टल पर दैनिक आधार पर दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**(डॉ0 राजेश उपाध्याय)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सि0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सि0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सि0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर, वी0मा0सि0भ0,प्रौ0वि0वि0 देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि समस्त संस्थानों को ई–मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. नोडल अधिकारी, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. गार्ड फाइल।

**(डॉ0 राजेश उपाध्याय)**
**कुलसचिव**